प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में देश का 74वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

पंतनगर। 27 जनवरी 2023। विश्वविद्यालय में देश का 74वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान, ने प्रातः 9:25 बजे गांधी मैदान में तिरंगा फहराया तथा उपस्थित शिक्षकों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को देश की एकता व बंधुता को बनाये रखने का संकल्प दिलाया। उन्होंने असंख्य शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया जिनके बलिदानों की नींव पर भारत स्वतंत्र रूप से खड़ा है।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में डा. चौहान ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं प्रगति के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का हरित क्रांति में बड़ा योगदान रहा है और इस दिशा में लगातार अग्रणीय है। उन्होंने बताया कि भारतवर्ष में पंतनगर विश्वविद्यालय स्टेट एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी में अग्रणीय है। उन्होंने कहा कि इस सत्र में विश्वविद्यालय में 4,628 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कर प्रवेश लिया है। उन्होंने कहा कि अब तक 33 दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय में आयोजित किए जा चुके हैं, जिसमें 40253 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गयी है। आगामी 34वां दीक्षांत समारोह 16 फरवरी 2023 को होना सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 2500 टन बीज का उत्पादन किया गया, जिसे किसानों तक पहुंचाया गया है। डा. चौहान ने सभी से कहा कि हम सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए, जिससे विश्वविद्यालय प्रगति की ओर, ख्याति की ओर और ऊंचाई की ओर लगातार बढ़ता रहेगा। उन्होंने आह्वान किया कि विश्वविद्यालय के सभी कर्मी देशहित में अपना योगदान दें और देश को आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान करें। डा. चौहान ने अन्य सभी इकाईयों द्वारा भी सराहनीय कार्य करने के लिए बधाई दी एवं भविष्य में भी सार्थक सहयोग की अपेक्षा की। 'जय हिन्द' के तीन बार उद्घोष, जिसे उपस्थित जनों ने दोहराया, के साथ कुलपति ने अपने उद्बोधन का समापन किया।

इस अवसर पर गांधी पार्क में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ हेतु रस्सा–कस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं श्रीमती बीना चौहान द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम के सदस्यों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही शारीरिक शिक्षा अनुभाग में रजिस्ट्रार इलेवन एवं कुलपति इलेवन के मध्य क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें रजिस्ट्रार इलेवन ने कुलपति इलेवन को हराया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण, श्री आशीष भटगांई सहित समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, छात्रावास अभिरक्षक, अभिरक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं स्टाप आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह के मार्गदर्शन में डा. पूनम त्यागी प्रभारी, शारीरिक शिक्षा, डा. एच.एस. पपोला, डा. भाष्कर तिवारी, डा. जी.एस. बोहरा, सह निदेशक शारीरिक शिक्षा अनुभाग द्वारा सफलता पूर्वक आयोजन किया गया।




*विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य को सम्बोधित करते कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान।*



*प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरूस्कृत करते कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान।*






प्रथम